प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 25.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- 120 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ओडिशा के भीतरकणिका और धामरा के बीच टकराया दाना तूफान, मौसम विभाग ने रांची और कोल्हान में जारी किया यलो अलर्ट।
- राज्य में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन करने का काम आज दोपहर बाद तीन बजे हो जायेगा समाप्त, पहले चरण के लिए कल तक 273 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा।
- राज्य में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदाता सूचना पर्ची का कल से किया जाएगा वितरण, राजनीतिक दलों से किसी भी शिकायत को सी विजिल पोर्टल पर अपलोड करने की अपील।
- दीपावली और छठ को देखते हुए रेल मंत्रालय सात हजार विशेष ट्रेनों का करेगा परिचालन, विशेष ट्रेनों से प्रतिदिन लगभग दो लाख यात्री कर सकेंगे यात्रा।

*****************

चक्रवाती तूफान दाना अब उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल तटों की ओर बढ गया है। मौसम विभाग ने बताया कि चक्रवात कल आधी रात के आसपास भितरकणिका राष्ट्रीय उद्यान और धामरा बंदरगाह के बीच ओडिशा तट से टकराया। भुवनेश्वर मौसम कार्यलय के अनुसार इस दौरान हवाओं की रफ्तार 120 किलोमीटर प्रतिघंटे तक पहुंच गई। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इसके असर से केन्द्रपाडा और भद्रक जिलों में तेज बारिश हुई।

इधर तूफान को देखते हुए रांची – पुरी के बीच चलने वाली ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वहीं कोलकाता और भुवनेश्वर की फ्लाइट भी रद्द कर दी गई है। आपदा प्रबंधन विभाग ने कोल्हान प्रमंडल के जमशेदपुर और चाईबासा में दो–दो और सरायकेला में एक एनडीआरएफ की कंपनी को तैनात किया है। बिजली विभाग ने भी तूफान को लेकर अलर्ट जारी किया है।

इधर सरायकेला उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने चक्रवाती तूफान दाना को लेकर लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि देर रात से बारिश हो रही है।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन है। इस चरण में राज्य के 43 निर्वाचन क्षेत्रों में 13 नवम्बर को वोट डाले जायेंगे। अब तक सात सौ 48 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है। कल एक दिन में पहले चरण के लिए दो सौ तिहत्तर प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्तूबर को होगी, 30 अक्तूबर तक नाम वापस लिये जा सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से तलाशी अभियान में राज्य के विभिन्न भागों से गैर कानूनी सामग्री और 27 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की गई है।

*****************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि कल से मतदाता सूचना पर्ची हर मतदाता तक पहुंचाने का कार्य़ शुरू होगा। 5 नवंबर तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी। इस दौरान अपने ठिकाने पर अनुपस्थित मतदाता, जिनका निधन हो चुका हो या जो किसी दूसरे स्थान पर चले गये हों, उनकी मतदाता सूचना पर्ची 5 नवंबर के बाद निर्वाचन पदाधिकारी के पास जमा कराना होगा। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों से भी इस संबंध में किसी भी तरह की शिकायत को सी वीजिल पोर्टल पर अपलोड करने की अपील की है।

*****************

चतरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए 13 लोगों ने अब तक नामांकन पत्र खरीदा है। चतरा के निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम ने बताया कि राजद की रश्मि प्रकाश, लोजपा के जनार्दन पासवान, लोकहित अधिकार पार्टी के अशोक डोम, सीपीआई के कुन भुइयां और निर्दलीय अशोक गहलोत शामिल हैं।

धनबाद जिले में सभी छह विधानसभा क्षेत्र से छह प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। झरिया की निवर्तमान विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह और टुंडी के मथुरा महतो समेत निरसा से पूर्व विधायक अरुप चटर्जी ने पर्चा भरा। वहीं 17 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदे।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*****************

सरायकेला जिले में आगामी 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप एक्टिविटी के तहत आदित्यपुर फुटबॉल मैदान में दीपों की माला सजाकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में गम्हरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार द्विवेदी, अंचल अधिकारी अरविंद कुमार बेदीया शामिल हुए। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार द्विवेदी ने लोगों को मताधिकार के प्रति जागरूक किया।

*****************

ऑब्जर्वर सिमडेगा

झारखंड विधानसभा चुनाव में स्वच्छ और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए नियुक्त किए गए जनरल ऑब्जर्वर गंधम चंद्रुडु ने जिला कंट्रोल रूम, मीडिया कोषांग, डीसी सिमडेगा हेल्पलाइन नंबर एक नौ पांच शून्य सेल का निरीक्षण किया। जनरल ऑब्जर्वर ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से इंटरस्टेट चेकपोस्ट का जायजा लिया, वहीं मीडिया कोषांग का निरीक्षण करते हुए पेड न्यूज के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सी विजिल एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों और उनके निष्पादन के बारे में भी जानकारी ली।

*****************

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर स्वीप के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

*****************

रेल मंत्रालय, दीपावली और छठ पूजा के त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए सात हजार विशेष ट्रेनें चला रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में कहा कि इन विशेष ट्रेनों से प्रतिदिन लगभग दो लाख यात्री यात्रा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष चलाई गई चार हजार पांच सौ रेलगाडियों की तुलना में इस वर्ष रेलगाडियों की संख्या बढ़ाकर सात हजार कर दी गयी है।

*****************

जमशेदपुर के छापेमारी अभियान में मानगो से 19 पुड़िया ब्राउन शुगर और पांच हजार नगद राशि बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक ने इसकी जानकारी देते हुए कहा इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

************